प्रेषक,

महानिदेशक,
डा0आर0एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी,
नैनीताल।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड।

संख्याः 885/अधि0-एक-8(2018) दिनांक : 23 अप्रैल, 2024

विषयः- अकादमी में रिक्त संकाय के पद पर सेवा-स्थानान्तरण के आधार पर तैनाती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने विषयक।

महोदय,

अवगत कराना है कि डा. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में श्रेष्ठ मानव संसाधनों की आवश्यकता है। अकादमी के संरचनात्मक ढाँचे में स्वीकृत निःसंवर्गीय पद के सापेक्ष राज्य सरकार (उत्तराखण्ड) में मौलिक रूप से नियुक्त इच्छुक अधिकारियों/कार्मिक, जो निम्नलिखित वॉछित योग्यताधारी हों तथा प्रशिक्षण में रूचि रखते हों, से सेवा स्थानान्तरण के आधार पर न्यूनतम 03 वर्षो की तैनाती हेतु संलग्न प्रारूपानुसार आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। वॉछित पद से सम्बन्धित अर्हताओं का विवरण निम्नवत् है:-

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की सं0	पद हेतु निर्धारित अर्हता
1.	संयुक्त निदेशक (कम्प्यूटर) 78800-209200-लेवल-12 निःसंवर्गीय पद के सापेक्ष	01	**अनिवार्य अर्हताः-** (1) कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या न्यूनतम 54 प्रतिशत अंकों के साथ कम्प्यूटर विज्ञान में प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर उपाधि। अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से एम0सी0ए0/ पी0जी0डी0सी0ए0 में उपाधि* (2) पद के समान वेतनमान अथवा एक/दो स्तर निम्न वेतनमान में कार्यरत होना आवश्यक है।* **अधिमानी अर्हताः** सम्बन्धित विषय में डाक्टरेट उपाधि।

**शासन से अनुमोदन की प्रत्याशा में*

1. उक्त पदों पर आवेदन हेतु उत्तराखण्ड के राजकीय विभागों में समान वेतनमान अथवा एक/दो स्तर निम्न वेतनमान में कार्यरत अधिकारी ही पात्र होंगे तथा सम्बन्धित को वेतनमान के अनुसार पदनाम दिया जायेगा।

2. उक्त पदों हेतु ऐसे अधिकारी पात्र नहीं होंगे, जिनके विरूद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही, जॉच अथवा उनके विरूद्ध न्यायालय में वाद दायर है, जिसकी पुष्टि हेतु विभाग द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. साक्षात्कार के समय सम्बन्धित अधिकारियों को उनके मूल विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. साक्षात्कार में सफल कार्मिकों को वही वेतनमान देय होगा, जो वे मूल विभाग में प्राप्त करेंगे।
5. सम्बन्धित अधिकारियों पर वही सेवा नियम/शर्ते लागू होंगी, जो एक राजकीय सेवक पर लागू होते हैं।
6. साक्षात्कार में सफल कार्मिकों की तैनाती के उपरान्त सेवाएँ सन्तोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में निर्धारित अवधि से पूर्व भी मूल विभाग को कार्यमुक्त किया जा सकता है।
7. उक्त पदों पर आवेदन हेतु 55 वर्ष से अधिक आयु के कार्मिक पात्र नहीं होंगे। आयु निश्चायक तिथि 01.01.2024 होगी।
8. इच्छुक अभ्यर्थी संलग्नक प्रारूपानुसार अपना आवेदन-पत्र (वाँछित अभिलेखों सहित) अपने नियंत्रक अधिकारी से अग्रसारित कराने के उपरान्त दिनांक 31.05.2024 को सायं 05:00 बजे तक ई-मेल (directoracademy@hotmail.com) अथवा पंजीकृत के माध्यम से प्रेषित किये जा सकते हैं।
9. लिफाफे के बाहर आवेदित पदनाम का उल्लेख अवश्य करें।

अतः अनुरोध है कि कृपया उक्त सूचना को अपने अधीनस्थ विभाग/विभागों में कार्यरत अधिकारियों के मध्य परिचालित करते हुए तथा प्रशिक्षण कार्यों में रूचि रखने वाले अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों को इस कार्यालय को संस्तुति सहित अग्रसारित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

BPandey

(बी0पी0 पाण्डेय),

महानिदेशक।

22/4/24

संलग्नकः आवेदन पत्र का प्रारूप।

आवेदन पत्र का प्रारूप

(सेवा स्थानान्तरण पर तैनाती के लिए)

शुद्ध रूप से टंकित अथवा स्वलिखित (सुलेख में) निम्न विवरणों के साथ प्रस्तुत किया जाय।

1. आवेदित पद का नामः
2. पूरा नामः
3. पिता/पति का नामः
4. जन्मतिथिः
5. पत्राचार का पताः
6. दूरभाष संख्याः
7. ई-मेलः
8. जाति (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. आदि)...
9. वर्तमान पदः .... वेतनमानः...................... मूल वेतनः ....
10. शैक्षिक योग्यताएँः-

क्र. सं.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	विश्वविद्यालय/बोर्ड	उत्तीर्ण वर्ष	श्रेणी/डिविजन	विषय

11. निर्धारित अर्हताओं के सापेक्ष अभ्यर्थी द्वारा धारित अर्हतायें (केवल उन्हीं योग्यताओं को दर्शायें जो निर्धारित अर्हताओं के समकक्ष हों अथवा उच्च हों।)

(1)

(2)

(3)

12. वर्तमान में धारित पद से शुरू करते हुए, पूर्व सेवाओं/तैनातियों का कालानुक्रमिक विवरण

पद का नाम	विभाग का नाम	अवधि		वेतनमान	कार्यभार का स्वरूप
		से	तक		

13. पद जिस पर अभ्यर्थी स्थाई क्षमता धारित करता है:

14. अभ्यर्थी पर लागू सेवा नियमों के अनुसार सेवानिवृत्ति की तिथि:-

15. सम्बन्धित विभाग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र संलग्न है अथवा नहीं? (उल्लेख करें)- (साक्षात्कार के समय आवश्यक रूप से संलग्न किया जाना होगा)

....

16. अनुभव:-

विभाग का नाम	अवधि		वेतनमान	पदनाम	अभ्युक्ति
	से	तक			

17. उल्लेख सहित और कोई सूचना जो देना चाहे-

स्थान:

दिनांक:

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पदनाम:

पूरा पता:

हस्ताक्षर..................

अग्रसारण अधिकारी (विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष)

सील